एक नजर में

## आशा जाकड़ को प्रेम पुष्प समरस शिरोमणि सम्मान




**इंदौर.** अहमदाबाद के समीप गांधीनगर में समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत का 11वां राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित हुआ. इंदौर की साहित्यकार व कवयित्री राष्ट्रीय सचिव आशा जाकड़ आस को प्रेम पुष्प समरस शिरोमणि सम्मान 2026 से नवाजा गया. इस अधिवेशन में देश के 18 राज्यों से लगभग 150 साहित्यकार सम्मिलित हुए थे. संस्था के संस्थापक डॉ मुकेश कुमार व्यास स्नेहिल ने कहा इस संस्था का उद्देश्य हिंदी भाषा का प्रचार प्रसार के साथ समाज व साहित्य की सेवा करना है और नवांकुरों को मंच प्रदान करना है. समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत का 12 वां राष्ट्रीय अधिवेशन 12 अप्रैल 2027 को इन्दौर में आयोजित होगा.

## डॉ. भार्गव राष्ट्रीय उत्कृष्टता सम्मान से अलंकृत



**इंदौर.** डॉ. अशोक कुमार भार्गव, आई.ए.एस. मोटिवेशनल स्पीकर, इंदौर, मध्यप्रदेश को नई दिल्ली में हयात होटल के भव्य समारोह में राष्ट्रीय उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित किया गया. डॉ. भार्गव को यह प्रतिष्ठित सम्मान मुख्य अतिथि श्री मदनलाल, (1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के भारतीय क्रिकेटर) एवं कैमरून गणराज्य की उच्चायुक्त सिलवी मिशेल मपोन टिएक मांबो द्वारा प्रदत्त किया गया. डॉ.भार्गव को यह अवार्ड उनके द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य, चिकित्सा, कोविड नियंत्रण, महिला सशक्तिकरण, सर्वोत्तम निर्वाचन प्रक्रिया, शिक्षा में गुणात्मक सुधार, उत्तरदायी और संवेदनशील सुशासन, स्वतंत्र लेखन एवं राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंचों पर राष्ट्रभाषा हिंदी तथा नागरी लिपि के विकास आदि के क्षेत्र में स्थापित किए गए उल्लेखनीय कीर्तिमानों के लिए प्रदत्त किया गया है.

## महात्मा फुले शताब्दी की समिति में साहित्यकार नीरजा मनोनीत



**इंदौर.** भारत के राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च महिला नागरिक सम्मान नारी शक्ति पुरस्कार 2021 से सम्मानित एवं देश की जानी-मानी साहित्यकार डॉ नीरजा माधव प्रधानमंत्री के चेयरमैनशिप के अंतर्गत बनी उच्च स्तरीय समिति की सदस्य बनाई गई हैं. यह समिति प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महात्मा ज्योतिबा फुले के दो सौवीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में दो वर्षीय राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु बनाई गई है. यह सूचना नीरजा माधव को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली, के संयुक्त सचिव की ओर से प्राप्त हुई है. ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी साहित्यिक पहचान बना चुकीं नीरजा माधव को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के बुक प्रमोशन काउंसिल में भी लेखक सदस्य के रूप में नामित किया गया है. साथ ही वे उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा कबीर अकादमी की शासी सदस्य भी बनाई गई हैं. इसके पूर्व वे भारत सरकार द्वारा एनबीटी की न्यासी सदस्य भी रह चुकी हैं. उनके उपन्यास और कहानियां विभिन्न विश्वविद्यालयों और राज्य बोर्ड के पाठ्यक्रमों में शामिल किए गए हैं. डॉ नीरजा माधव के साहित्य पर देशभर के विश्वविद्यालयों में शोध कार्य हुए हैं और हो रहे हैं.

## मप्र सरकार स्वामी तेजोमयानंद को 21 अप्रैल को सम्मानित करेगी



**इंदौर.** चिन्मय मिशन परिवार के लिए गौरवपूर्ण और आनंदमय पल है. 19 अप्रैल को मिशन के पूर्व प्रमुख स्वामी तेजोमयानंदजी इंदौर आ रहे हैं. ओंकारेश्वर में 17 से 21 अप्रैल तक आयोजित आचार्य शंकर प्रकटोत्सव के एकात्म पर्व में चिन्मय मिशन के पूर्व विश्व प्रमुख स्वामी तेजोमयानंदजी का म.प्र सरकार द्वारा 21 अप्रैल को सम्मान किया जा रहा है. आपके साथ चिन्मय मिशन कोयम्बतूर से स्वामिनी विमलानंदाजी, चिन्मय मिशन नासिक से स्वामी अद्वैतानंदजी, झांसी से ब्रह्मचारी राघव चैतन्य, भोपाल से ब्रह्मचारिणी कात्यायिनी चैतन्य जी, मुंबई से सेंट्रल चिन्मय मिशन ट्रस्ट की सीईओ मनीषा खेमलानी भी पधार रहे हैं. इंदौर के धर्मप्रेमियों के लिए स्वामी तेजोमयानंदजी का एक सत्संग 20 अप्रैल को चिन्मय शरणम् आश्रम विजयनगर स्कीम 78 स्लाइस नं 2 में प्रात: 11 बजे से 12.30 बजे तक रखा गया है. तत्पश्चात् दोपहर में स्वामी जी ओंकारेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगे.

## पालतू जानवरों में बढ़ रही किडनी की बीमारियां

**इंदौर.** पालतू जानवरों में किडनी से जुड़ी बीमारियां तेजी से सामने आ रही हैं और यह उनकी मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण बन चुकी हैं. समय पर पहचान और नियमित जांच से इस गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है, लेकिन जागरूकता की कमी अब भी बड़ी चुनौती बनी हुई है. प्रदेश में पहली बार हो रही 17वीं एफएसएपीएआई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दौरान ब्राजील से आए नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. मार्सियो बर्नस्टीन ने बताया कि पेट्स में किडनी खराब होने के शुरुआती संकेत स्पष्ट होते हैं, लेकिन अक्सर इन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है।ऐसे मामलों में जानवर खाना छोड़ देते हैं, बार-बार यूरिन करते हैं, उल्टियां होने लगती हैं और उनका वजन तेजी से घटता है. उन्होंने बताया कि केवल एक साधारण यूरिन टेस्ट से भी बीमारी की पहचान की जा सकती है. यह तीन दिनी कांफ्रेंस ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में फेडरेशन ऑफ स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और यूनाइटेड स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में हो रही है. ऑर्गेनाइजिंग कमिटी के प्रेसिडेंट डॉ एच.एल साहू ने बताया कि इस तरह के आयोजन से पशु चिकित्सा के क्षेत्र में नई तकनीकों और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान संभव होता है। वहीं, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ नरेंद्र चौहान ने कहा कि पेट्स के लिए स्पेशलाइज्ड ट्रीटमेंट की जरूरत लगातार बढ़ रही है.

## सूर्यकान्त नागर को माधवराव सप्रे एवं ज्योति जैन को पद्मश्री राम नारायण उपाध्याय स्मृति प्रादेशिक लघुकथा अलंकरण





**इंदौर. लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा अपने प्रतिष्ठित सम्मानों की आज घोषणा कर दी गई, कार्यकारणी में लिये गये निर्णय के अनुसार - पं. माधवराव सप्रे स्मृति लघुकथा अलंकरण वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यकांत नागर इंदौर, मध्यप्रदेश को प्रदान किया जायेगा. इसके साथ ही पद्मश्री पं. रामनारायण उपाध्याय स्मृति लघुकथा सम्मान वरिष्ठ लघुकथाकार श्रीमती ज्योति जैन इंदौर, मध्यप्रदेश को प्रदान किया जा रहा है.**

विशिष्ट हिंदी सेवी सम्मान डॉ. मिथिलेश दीक्षित, लखनऊ, आचार्य जगदीश चंद्र मिश्र आलोचना सम्मान डॉ. अनीता राकेश पटना, मातुश्री धनवंती देवी स्मृति लघुकथा सम्मान सरिता बघेला भोपाल, डॉ. उपासना सक्सेना लघुकथा प्रेरणा शोध सम्मान- प्रिंस कुमार, पारस दासोत स्मृति लघुकथा कृति सम्मान मीरा जैन उज्जैन, विक्रम सोनी स्मृति लघुकथा कृति सम्मा- डॉ. हरप्रीत सिंह राणा पटियाला, संवाद भारती सम्मान- अभिषेक पुरोहित और राजकुमार बरुआ वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार भोपाल को दिया जा रहा है. सभी सम्मानित लघुकथा लेखकों को आगामी 19जून को भोपाल मेंम आयोजित अखिल भारतीय लघुकथा सम्मेलन में यह सम्मान प्रदान किये जायेंगे, जिसमें उन्हें उपस्थित होने पर एक भव्य आयोजन में शॉल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र एवं सम्मान निधि भेंटकर सम्मानित किया जायेगा.

# टी-शर्ट कारोबार के नाम पर करोड़ों की ठगी

- डी-मार्ट और महाकाल के नाम पर भी लिया पैसा
- एक ही ऑफिस से कई फर्म चलाकर लोगों को लगाया चूना





नव भारत न्यूज

**इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में टी शर्ट और रेडीमेड गारमेंट्स कारोबार के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. आरोपियों ने बड़ी कंपनियों और धार्मिक संस्थान के नाम पर निवेश का लालच देकर कई लोगों से रकम ली. पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है.**

पुलिस अधिकारी प्रियंका डुडवे ने बताया कि फरियादी भावेश देवगीर ने शिकायत की है कि उसके परिचित अंकित जोशी, उसकी पत्नी खुशबु झा, अनुज जोशी, माता पिता रमेश जोशी और जमुना जोशी तथा पार्टनर संदीप साहू मिलकर फर्म चलाते थे. इन लोगों ने एमआईजी सुखलिया स्थित एक ही ऑफिस से द क्लासिको ऑफिशियल, वाइब्रेंड फैशन, कुशांक इंडस्ट्रीज और शिवांक इंटरप्राइजेस के नाम पर अलग-अलग फर्म संचालित कर निवेश के नाम पर लोगों से पैसा लिया. शिकायत के मुताबिक आरोपियों ने डी मार्ट, बड़े स्कूलों और महाकाल मंदिर के लिए टीशर्ट और कपड़े सप्लाई करने का झांसा दिया. इसके लिए फर्जी कोटेशन तक दिखाए गए और इसी आधार पर लाखों रुपए इकट्ठा कर लिए. फरियादी का आरोप है कि केवल डी-मार्ट के नाम पर ही करीब 60 लाख रुपए ले लिए. पीड़ित ने बताया कि लगातार दबाव और नुकसान के कारण वह मानसिक रूप से परेशान हो गया है. पुलिस के अनुसार आवेदन पर पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है. पुलिस ने यह भी बताया कि इसी मामले से जुड़े विवाद में पहले एक दंपती को बंधक बनाने की शिकायत भी सामने आई थी, जिसमें करीब 40 लाख रुपए के लेनदेन का विवाद बताया है. फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है.

# मेकअप आर्टिस्ट को इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगा, लाखों हड़पे

- आरोपी से फीनिक्स मॉल में हुई थी युवती की पहचान
- फर्जी नाम से विश्वास जीतकर दिया झांसा

नव भारत न्यूज

इंदौर. परदेशीपुरा इलाके में रहने वाली एक मेकअप आर्टिस्ट युवती से निवेश के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है. आरोपी ने पहले दोस्ती कर भरोसा जीता और फिर सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के तहत नियमित निवेश योजना (एसआईपी) में 25 प्रतिशत मुनाफा देने का लालच देकर किश्तों में रकम लेता रहा. शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

फरियादी दीपमाला ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान फीनिक्स मॉल में एक युवक से हुई थी, जहां वह पहले काम करती थी. आरोपी ने खुद को हर्ष भार्गव बताया और धीरे-धीरे उससे नजदीकियां बढ़ाकर भरोसा जीत लिया. इसके बाद आरोपी ने प्रॉपर्टी में निवेश और एसआईपी का झांसा देते हुए मोटा मुनाफा होने का दावा किया. उसने शुरुआत में 2 लाख रुपए जमा कराने और बाद में किस्तों में रकम देने की बात कही. झांसे में आकर युवती ने फरवरी 2025 में पहले 25 हजार रुपए दिए, फिर 19 और 21 फरवरी को 1 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए, आरोपी यहीं नहीं रुका. अप्रैल में उसने 25 हजार रुपए नकद और 50 हजार रुपए क्रेडिट कार्ड से निकलवाए. साथ ही एक हार लाकर मणप्पुरम फाइनेंस में गिरवी रखवाया और उससे निकले करीब 98 हजार रुपए भी अपने पास रख लिए.

कुछ समय बाद युवती के घर में गमी होने के कारण कुछ दिन संपर्क टूट गया. जब उसने दोबारा एसआईपी से जुड़े दस्तावेज और आईडी मांगी, तो आरोपी टालमटोल करने लगा. जांच में सामने आया कि उसने हर्ष भार्गव नाम से फर्जी पहचान बनाई थी और असली नाम कुछ और है. संदेह होने पर दीपमाला ने परदेशीपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है और जल्द गिरफ्तारी की बात कही है.

## बहन के साथ भटक रहा था 5 साल का बच्चा, डायल-112 ने मां से मिलवाया



**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र में घर से निकला 5 वर्षीय बच्चा रास्ता भटक गया था. सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को सुरक्षित उसकी मां के पास पहुंचाया.

घटना शुक्रवार सुबह करीब 9.30 बजे की है, जब बरदरी इलाके में एक छोटा बच्चा भटकता हुआ मिला. किसी राहगीर ने इसकी सूचना डायल 112 को दी थी. सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को अपने साथ लिया. आरक्षक रामवीर और पायलट शैलेंद्र तोमर ने बच्चे से जानकारी लेने की कोशिश की, लेकिन वह कुछ भी नहीं बता पाया. इसके बाद टीम ने आसपास पूछताछ शुरू की और बच्चे को लेकर इलाके में परिजनों की तलाश की. तलाश के दौरान बच्चे की बहन मिली, जिसने बताया कि उनकी मां फैक्ट्री में काम करने गई है और घर पर कोई नहीं था, इसी वजह से बच्चा बाहर निकल गया था. इसके बाद पुलिस टीम बच्चे और उसकी बहन को लेकर उनकी मां के पास फैक्ट्री पहुंची. पहचान और पुष्टि के बाद बच्चे को सुरक्षित मां के सुपुर्द कर दिया.

# पुलिस ने 30 युवाओं को नशा छोड़ने की दी प्रेरणा

- वर्दी से जागी नई उम्मीद अभियान



**इंदौर. शहर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे वर्दी से जागी नई उम्मीद अभियान के तहत दूसरे सत्र का आयोजन किया, जिसमें 30 बालक एवं युवाओं को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया.**

कार्यक्रम पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन और डीसीपी जोन-3 राजेश व्यास के नेतृत्व में आयोजित हुआ. इसमें संयोगितागंज, पलासिया व छोटी ग्वालटोली क्षेत्र के नशे की ओर बढ़ रहे युवाओं और उनके परिजनों को बुलाकर काउंसलिंग की गई. अतिरिक्त डीसीपी रामसनेही मिश्रा और एसीपी तुषार सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने युवाओं को नशे के दुष्परिणाम समझाए और सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए खेल गतिविधियां और लकी ड्रॉ भी रखा गया. विजेता बच्चों को थाना प्रभारी के साथ आइसक्रीम खिलाई गई, जिससे बच्चों की भागीदारी बढ़ी.

**युवाओं ने लिया नशा नहीं करने का संकल्प**

इस दौरान युवाओं ने नशा नहीं करने का संकल्प लिया. काउंसलिंग में सामने आया कि नशे की ओर झुकाव के पीछे परिवार में नशे का माहौल, आर्थिक कमजोरी, गलत संगत और नकारात्मक सामाजिक प्रभाव प्रमुख कारण हैं. पुलिस ने इन पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे भी नियमित काउंसलिंग और निगरानी जारी रखने की बात कही. अभियान में टीआई के.पी. यादव, सुरेंद्र सिंह रघुवंशी, संजू कांबले, उपनिरीक्षक जालम सिंह चौहान सहित पुलिस स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही. आने वाले सत्रों में सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं को जोड़कर अभियान को और विस्तार दिया जाएगा.

# अंगदान को लेकर भ्रांतियां और डर दूर करना जरूरी

- अंगदान जागरूकता के लिए मरीज और दानदाता एक मंच पर
- लिवर से गुफ्तगू एक कप कॉफी के साथ थीम पर कार्यक्रम का आयोजन



**इंदौर. विश्व लिवर दिवस के अवसर पर जीवन का उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया. लिवर से गुफ्तगू एक कप कॉफी के साथ थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में लिवर ट्रांसप्लांट प्राप्तकर्ताओं और नि:स्वार्थ भाव से अंगदान करने वाले दाताओं को एक मंच पर लाया गया, जहां उन्होंने अपने अनुभव साझा किए.**

कार्यक्रम में गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट व लीवर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. अजय के जैन ने कहा कि लिवर से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन समय पर जांच, सही उपचार और जागरूकता से इन्हें काफी हद तक रोका जा सकता है. उन्होंने बताया कि लिवर ट्रांसप्लांट उन मरीजों के लिए अंतिम और प्रभावी विकल्प होता है, जिनका लिवर पूरी तरह से खराब हो चुका होता है. ऐसे में अंगदान ही एकमात्र उम्मीद बनता है. समाज में अभी भी अंगदान को लेकर कई तरह की भ्रांतियां और डर मौजूद हैं, जिन्हें दूर करना जरूरी है.

इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि उन लोगों को सामने लाना भी है जिन्होंने ट्रांसप्लांट के बाद सामान्य जीवन जीकर एक सकारात्मक उदाहरण पेश किया है. डॉ. सुधांशु यादव ने कहा जब लोग सीधे मरीजों और डोनर परिवारों से उनकी कहानी सुनते हैं, तो उनके मन में भरोसा बढ़ता है और अंगदान के प्रति सोच बदलती है. उन्होंने कहा कि यदि कैडेवर डोनेशन बढ़े, तो हजारों मरीजों को नई जिंदगी मिल सकती है.

**अनुभव साझा किए...**

आयोजन में लिवर डोनर और ट्रांसप्लांट प्राप्तकर्ता शामिल हुए, जिनमें एक 5 साल का बच्चा भी था, जिसे उसकी मां ने लिवर दान किया था. उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए डॉ. शोहिनी सिरकार और डॉ. सुचिता जैन ने बताया कि भारत में हर साल लगभग 50 हजार मरीजों को लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है, लेकिन केवल 5 हजार ट्रांसप्लांट ही हो पाते हैं. काउंसलर देबी चटर्जी ने बताया कि कैडेवर डोनेशन बहुत कम है और ज्यादातर ट्रांसप्लांट लिविंग डोनर यानी परिवार के सदस्यों से होते हैं. जागरूकता की कमी, अंधविश्वास और भारी खर्च इसके प्रमुख कारण हैं.

## पत्रिका लेखन कार्यक्रम आज

**इंदौर.** नव निर्माण की ओर अग्रसर युगप्रधान श्री शांतिनाथ जैन श्वेतांबर तीर्थ द्वारा एक भव्य पत्रिका लेखन कार्यक्रम का आयोजन 19 अप्रैल को किया जा रहा है। यह आयोजन श्री तिलकेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में संपन्न होगा. जयंती श्रीश्रीमाल ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत श्रद्धालुजन भक्ति, भावना एवं श्रद्धा के साथ सहभागिता करेंगे. आयोजकों ने समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य अवसर का लाभ लेने एवं कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने का सविनय आग्रह किया है. आयोजन समिति के अनुसार, यह कार्यक्रम जिनशासन के प्रति आस्था एवं समर्पण को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## अक्षय तृतीया पर डीपी ज्वेलर्स ग्राहकों के स्वागत के लिए तैयार

- स्वयं सिद्ध मुहूर्त 2 दिनों तक होने से खरीदी का सर्वोत्तम योग



**इंदौर.** रविवार 19 अप्रैल और सोमवार 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया महापर्व मनाया जाएगा. इसलिए मुहूर्त की खरीदी से जुडी ग्राहकों की भावना का सम्मान करते हुए रतलाम के विश्वसनीय डीपी ज्वेलर्स शोरूम अगले 2 दिन सुबह 10.30 बजे से ग्राहकों की सेवा में उपस्थित रहेंगे. ग्राहक यहां देर रात तक खरीदी का लाभ ले सकते हैं. शोरूम पर ग्राहकों के लिए शगुन विशेष हॉलमार्क गोल्ड व 100% नेचुरल डायमंड ज्वेलरी का नायाब कलेक्शन, सोने व चांदी के सिक्के, चांदी के आर्टिकल्स, बर्तन व यूटेंसिल्स की सर्वश्रेष्ठ रेंज में उपलब्ध है.

शगुन के लिए खरीदी जाने वाली हर वस्तु शुद्ध होनी चाहिए इस बात का ध्यान डी. पी. ज्वेलर्स पर विशेष रखा गया है. ग्राहक खरीदी के बाद शोरूम में शुद्धता की जाँच भी नि:शुल्क करवा सकते हैं. मान्यता है कि इस दिन खरीदा गया सोना घर में सुख-समृद्धि लाता है और धन में वृद्धि करता है. अनिल कटारिया जी ने कहा कि डी. पी. ज्वेलर्स की विशेषता रही है कि, इन्होने पीढ़ी दर पीढ़ी ज्वेलरी जगत में बदलते ट्रेंड को अपनाने के बावजूद आभूषणों की गुणवत्ता से कभी समझौता नहीं किया. 1940 में स्व. धूलचंदजी कटारिया द्वारा तय किये गए शुद्धता के मापदंडों और पारदर्शिता के संकल्प को आज भी निभाया जा रहा है. ग्राहकों को आभूषणों की शुद्धता, भाव की सही जानकारी देने के साथ ही, बिलिंग में पारदर्शिता रखी जाती हैं. डी. पी. ज्वेलर्स के स्वर्णिम सफर से आज 30 लाख से अधिक परिवार खुशी-खुशी जुड़ चुके हैं. संतोष कटारियाजी ने बताया, कि ग्राहकों के विश्वास की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए अनुभवी शैली और आधुनिक विचारों के साथ आज डी. पी. ज्वेलर्स ने मध्य प्रदेश व राजस्थान के प्रमुख शहरों रतलाम, इंदौर, भोपाल, उज्जैन, उदयपुर, कोटा, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, अजमेर, नीमच, धार में अपने शोरूम स्थापित किये हैं विकास कटारियाजी ने कहा कि, डी. पी. ज्वेलर्स आज देशभर में अपना परचम लहरा रहा है. ग्राहकों में ज्वेलरी से जुडी भावनाओं को समझते हुए हमारे कारीगरों द्वारा प्रत्येक डिज़ाइन उनकी पसंद और ट्रेंड के अनुसार बनाई जाती है. कस्टमर्स की सुविधा के लिए डी.पी. ज्वेलर्स पर स्वर्ण समृद्धि एवं डैज़लिंग डायमंड स्कीम जैसी योजनाएं भी उपलब्ध है, जिससे वह इन्सटॉलमेंट में ज्वेलरी खरीद सकते हैं.




## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम सुधार, बैठक में लिया गया निर्णय

- शिक्षा में नई पहल, छात्रों को एआई और भारतीय ज्ञान परंपरा दोनों का मिलेगा ज्ञान

**इंदौर.** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में 17 अप्रैल को कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में डीन, बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरमैन, कुलसचिव प्रज्वल खरे तथा डीसीडीसी प्रो. सचिन शर्मा उपस्थित रहे.

बैठक में निर्णय लिया गया कि सत्र 2026-27 से विश्वविद्यालय के सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान प्रणालियाँ (आईकएस) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को शामिल किया जाएगा. इस निर्णय के साथ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ऐसा करने वाला पहला विश्वविद्यालय बन गया है. कुलगुरु ने बताया कि यह कदम बदलते शैक्षिक परिवेश और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है. इसका उद्देश्य पारंपरिक भारतीय ज्ञान और आधुनिक तकनीक का संतुलित समावेश कर विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार करना है.

**व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा**

नई व्यवस्था के तहत विज्ञान, इंजीनियरिंग, मानविकी, वाणिज्य और प्रबंधन सहित सभी संकायों में आईकेएस और यूएआई से जुड़े मॉड्यूल शामिल किए जाएंगे. छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के टूल्स, डेटा विश्लेषण और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा, साथ ही उन्हें भारतीय दर्शन, पारंपरिक विज्ञान और सतत विकास की समझ भी प्रदान की जाएगी. यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप मानी जा रही है और उच्च शिक्षा में परंपरा एवं आधुनिक तकनीक के समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है.

एक नजर में — जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप सुप्रीम का शपथ विधि समारोह संपन्न

# मैत्री से संगठन और संगठन से सेवा के मार्ग को सार्थक करो




**इंदौर.** जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप इन्दौर सुप्रीम का भव्य शपथ विधि समारोह स्थानीय 7स्टेप सभागार में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना और नृत्य नाटिका से हुआ. बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया.

शपथ विधि समारोह में मुख्य अतिथि जय सिंह जैन, दिलीप सी जैन, उद्योगपति प्रतीक सूर्या, युवा भाजपा नेता दीपक जैन टीनू एवं फेडरेशन के वरिष्ठजनों का स्वागत एवं सम्मान किया गया. स्वागत उद्बोधन निवृत्तमान अध्यक्ष मनोज डंक ने दिया. कमल जैन ने पिछले दो वर्ष के कार्यकाल की रुपरेखा रखी. दीपक जैन टीनू ने कहा समाज मे संगठन का बड़ा महत्व है. मैत्री और संगठन के गठबंधन से संघ समाज की प्रगति को कोई रोक नहीं सकता. सेवा के भावों को सार्थक करो, समाज के अंतिम व्यक्ति का कैसे भला हो इसकी चिंता करो. चिंतन करो, चिंता नहीं, नए विचारों को जन्म दो. युवा उद्योगपति प्रतीक सूर्या ने कहा कि जो भी चीज आपको शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से कमजोर बनाती है, उसे जहर समझकर त्याग दें. युवा जीवन मे आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करे और सफल बने. फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर शोभा जैन ने नवीन अध्यक्ष विनोद डोली पटवा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई और अपने उद्बोधन में संगठन की एकता व सेवा कार्यों पर जोर दिया. इसके पश्चात किरण सिरोलिया ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई. सेंट्रल रीजन के चेयरमेन राजेश जैन पप्पू ने संपूर्ण कार्यकारिणी को शपथ प्रदान करवाई.

**समाजसेवा के ठोस कार्य करना लक्ष्य...**

इस अवसर पर सुप्रीम ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष प्रकाश भटेवरा ने सुप्रीम ग्रुप के नवीनतम अध्यक्ष विनोद डोली पटवा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सुप्रीम ग्रुप नई ऊर्जा के साथ मानव सेवा एवं पर्यावरण बचाओ अभियान को केंद्र में रखकर कार्य करेगा और समाज में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा. अध्यक्ष विनोद डोली पटवा ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ कार्यक्रम करना नहीं, बल्कि समाज सेवा, जीव दया, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ठोस कार्य करना है. निवृतमान अध्यक्ष मनोज मलका डंक का स्वागत किया गया. संचालन सतीश सिंघवी और सुनील तांतेड़ ने किया. ज्योति हेमंत तड़वेचा ने आभार माना. अमित मेघा बडोला ने राष्ट्रगान से सभा समाप्त की।